# क्षेत्रीय कार्यालय
# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल

भीम

प्लॉट संख्या 14-15, मीणा कॉलोनी, जेल के पीछे, सवाई माधोपुर (राज.) 322001

फोन नं.: 07462-294921, ई-मेल- rorpcb.swm@gmail.com


क्रमांकः रा.प्र.नि.मं./क्षे.का./स.मा.-856/1588-1591 दिनांकः 15.12.2025

## पर्यावरण स्वीकृती हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मैसर्स विजय सिंह मीणा पुत्र श्री दीपचन्द मीणा द्वारा मैसनरी स्टोन (लघु खनिज) खनन परियोजना, एम.एल. संख्या 12/2024, प्लॉट नं. 12, एरिया 2.0689 हैक्टर, (प्रस्तावित) उत्पादन क्षमता-2,00,000 TPA (ROM), कलस्टर क्षेत्रफल-48.83 हैक्टर, निकट ग्राम- छगड़ा, तहसील- वजीरपुर व जिला- सवाई माधोपुर के लिए पर्यावरण स्वीकृति के संबंध में जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिर्पोट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध हैः-

(1) कार्यालय जिला कलक्टर, सवाई माधोपुर।
(2) कार्यालय जिला परिषद, सवाई माधोपुर।
(3) क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सवाई माधोपुर।
(4) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
(5) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय जयपुर।
(6) जिला उद्योग केन्द्र, सवाई माधोपुर।
(7) खनिज अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, सवाई माधोपुर।

चूंकि, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना बाबत् भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर कम से कम 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन-सुनवाई **दिनांक 28.01.2026 को ग्राम पंचायत- श्यारौली के ''भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र'', श्यारौली, तहसील- वजीरपुर, जिला- सवाई माधोपुर में समय सुबह 11:00 बजे** उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस संबंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन से जनसुनवाई से पूर्व तक राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, सवाई माधोपुर मे भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज्ञा से

**(बलजीत मीणा)**

**क्षेत्रीय अधिकारी**